दैनिक
न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, मंगलवार 20 अगस्त 2024

www.nyaysakshi.com

संपादकीय

सहयोगियों को एजेंडे से दिक्कत नहीं

अजीत द्विवेदी-

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से अपने 11वें संबोधन में वैसे तो 98 मिनट का भाषण दिया लेकिन बुनियादी रूप से दो उन्होंने दो नीतिगत मुद्दे उठाए। बाकी राजनीतिक भाषण था। नीतिगत मसलों में पहला समान नागरिक संहिता का था और दूसरा एक देश, एक चुनाव का था। इन दोनों नीतिगत मसलों पर भाजपा की सहयोगी पार्टियों को कोई समस्या नहीं है। पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने की बात प्रधानमंत्री मोदी 2014 से कर रहे हैं लेकिन पिछले 10 साल में चुनाव आयोग ने सारे चुनाव एक साथ कराने की कोई पहल नहीं की है। सरकार ने पिछले साल जरूर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति बनाई, जिसने सारे चुनाव एक साथ कराने पर विचार किया। समिति ने सभी राजनीतिक दलों, चुनाव आयोग और विधि आयोग से बात करके अपनी रिपोर्ट तैयार की और सरकार को सौंप दी है।

जहां तक समान नागरिक संहिता की बात है तो वह भारतीय जनता पार्टी के तीन कोर एजेंडे में से एक है। भारतीय जनसंघ के समय से यह एजेंडा चला आ रहा है। नरेंद्र मोदी की पिछली सरकार ने 2019 के बाद से दो एजेंडे पूरे कर दिए हैं। पहला एजेंडा अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण का था, जिसका रास्ता सुप्रीम कोर्ट के आदेश से साफ हो गया था। वह मंदिर बन गया और इस साल 22 जनवरी को उसका उद्घाटन खुद प्रधानमंत्री मोदी ने किया। उससे पहले 2019 में सत्ता में आने के साथ ही सरकार ने जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 समाप्त करने का फैसला किया था। सो, ये दो मुद्दे निपट चुके हैं और तीसरा मुद्दा समान नागरिक संहिता का है, जिसका जिक्र प्रधानमंत्री ने लाल किले से किया। उन्होंने कहा कि अब तक देश में सांप्रदायिक नागरिक संहिता थी और अब देश को सेकुलर नागरिक संहिता की जरुरत है।

प्रधानमंत्री के इस भाषण के बाद से यह सवाल पूछा जा रहा है कि जिन दो बड़ी पार्टियों के समर्थन से केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है उनका इस पर क्या रुख होगा? जानकार सूत्रों का कहना है कि दोनों पार्टियों का रुख सरकार के साथ सहमति का होगा। बिहार में सरकार चला रही जनता दल यू ने पहले ही विधि आयोग के सामने अपना रुख स्पष्ट किया हुआ है। जदयू ने कहा है कि वह समान नागरिक संहिता के समर्थन में है। उसने सिर्फ यह शर्त रखी है कि इसे सहमति से पास कराया जाए। सहमति का मतलब विपक्षी पार्टियों के साथ या संबंधित पक्षों के साथ नहीं, बल्कि सहयोगी पार्टियों के बीच सहमति से है। टीडीपी को भी समान नागरिक संहिता से कोई समस्या नहीं है। उसे भी सहमति बनवानी है और उस सहमति के बदले राज्य के लिए कुछ अतिरिक्त मदद चाहिए होगी। नीतिगत रूप से उसका इस कानून से कोई विरोध नहीं है।

फेडरल रिजर्व 17 और 18 सितंबर को फिर से करेगा एक बैठक

नई दिल्ली

संभावना पर चर्चा कर कोई बड़ा फैसला लेता है तो इसका असर पूरी दुनिया के सर्राफा बाजार पड़ेगा। आगे त्योहारी सीजन भी है। इसलिए इस महीने और इसके बाद वाले महीने में सोने के भाव 75000 से 76000 रुपये प्रति दस ग्राम तक (जीएसटी शुल्क के बिना) तक पहुंच सकते हैं।

कॉमोडिटी बाजार के विशेषज्ञ प्रथमेश कहते हैं कि आने वाले महीनों में सोने के दामों में बढ़ोतरी होगी क्योंकि भू-राजनीतिक परिस्थितियों खासकर, इस्राइल और ईरान युद्ध संकट के कारण क्रूड ऑयल की कीमतों में वृद्धि होगी। जिससे सुरक्षित निवेश के रूप में सोने पर निवेशकों का भरोसा बढ़ सकता है।

ग्राहकों के लिए सोना खरीदने का अच्छा मौका

सुरेंद्र मेहता कहते हैं कि सोना खरीदने का यह अच्छा समय है। क्योंकि आगामी दिनों में भाव में तेजी बनी रहेगी। इसलिए ग्राहक और निवेशक इस समय खरीदारी कर सकते हैं। उमेदमल त्रिलोकचंद ज्वेलर्स के कुमार जैन बताते हैं, आगामी महीनों में सोने के दाम बढ़ने की पूरी संभावना है। क्योंकि जिस तरह से वैश्विक स्तर पर युद्ध की स्थितियां बन रही है वह सोने के दाम में वृद्धि करने में मदद करेंगी। वे कहते हैं कि आमतौर पर त्योहारी सीजन और शादियों के महीनों में सोने के दाम बढ़ जाना स्वाभाविक होता है, जिसकी जानकारी ग्राहकों को भी है। इसलिए खरीदारी पहले से शुरू होने लगी है। 23 जुलाई को संपूर्ण बजट में सोने और चांदी पर आयात शुल्क को 15 प्रतिशत से घटाकर 6 प्रतिशत करने की घोषणा के बाद ही लोगों ने अच्छी खासी खरीदारी थी। इसके बाद से सोने के दामों में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। लेकिन त्योहारों के आने से पहले एक बार फिर सोने की बिक्री में तेजी देखने को मिल रही है।

त्योहारों और शादी-ब्याह के लिए लोगों ने शुरू की खरीदारी

कुमार जैन बताते हैं कि रक्षाबंधन पर हल्के वजन में 400 से 500 ग्राम तक के गहनों की मांग में 25 प्रतिशत तक वृद्धि देखने को मिल रही है। वहीं निवेशकों के लिहाज से बात करें तो सोने के सिक्के और बार की मांग 20 प्रतिशत तक बढ़ी है। बाजार में त्योहार और शादी ब्याह की खरीदारी से रौनक बढ़ रही है। लोग रक्षाबंधन के अलावा शादी ब्याह के लिए भी खरीदारी कर रहे हैं। इसमें गहनों के पूरे सेट के साथ अंगूठी, कंगन और शादियों में उपहार स्वरूप दिए जाने वाले गहने शामिल हैं।

ग्राहकों को लुभाने के लिए सर्राफा कारोबारी भी दे रहे ऑफर

कुमार बताते हैं कि ज्वेलर्स आगामी त्योहारों को देखते हुए ग्राहकों को लुभाने के लिए कई तरह के ऑफर देने की तैयारी कर रहे हैं। इनमें मेकिंग चार्ज पर छूट और हल्के गहनों में दिए जाने वाले कई ऑफर शामिल हैं। तनिष्क के सहयोगी ओमनीचैनल ज्वेलरी ब्रांड कैरेटलेन की मार्केटिंग वीपी जेनिफर पंड्या बताती हैं कि रक्षाबंधन के अवसर पर युवाओं और महिलाओं को आकर्षित करने के लिए नया डिज्नी कलेक्शन पेश किया है। यह भाइयों की ओर से बहनों को उपहार के रूप में दिया जा सकता है। मालाबार गोल्ड ने हल्के वजन में 5000 रुपये से लेकर 6000 रुपये तक की राखियां पेश की है। इसके अलावा उपहार में दिए जाने वाले गहनों के भी नए कलेक्शन बाजार में उतारे गए हैं।

क्या कहतें हैं ग्राहक?

मुंबई झवेरी बाजार में रक्षाबंधन के अवसर पर खरीदारी करतीं परी सेठ ने बताया कि रक्षाबंधन के लिए उन्होंने अपनी बेटी के लिए अंगूठी और कुछ हल्के गहनों की खरीदारी की है। वे कहती हैं कि सोने के भाव चढ़ते और उतरते रहते हैं, इससे हमारी खरीदारी पर असर पड़ता है, लेकिन त्योहारों और शादी ब्याह में उपहार देने के लिए तो गहने लेने ही पड़ते हैं। एक अन्य ग्राहक कंचन बोरिचा बताती हैं कि सोने के दाम बढ़ें या कम हों हम अपनी जरूरत को देखते हुए गहनों की खरीदारी करते हैं। मैं यहां रोजाना पहनने के लिए हल्के वजन के गहनों की शॉपिंग कर रही हूं। आगामी नवंबर में अपने बेटे की शादी के लिए अभी से तैयारी में जुटीं सेजल जड़ेजा बताती हैं कि हमने सोने पर आयात शुल्क की कटौती की घोषणा के बाद ही खरीदारी की थी तब सोने के भाव गिरे थे। वर्तमान में सोने के दाम बढ़े हैं, बावजूद हमें कुछ गहने और खरीदने हैं। यह भी अच्छा मौका है, रक्षाबंधन और गणपति के त्योहार सामने हैं, ऐसे में हमें अच्छे ऑफर भी मिल रहे हैं।

शनिवार को सोने के भाव

रक्षाबंधन से पहले सोने के दाम शनिवार को 73,400 रुपये प्रति दस ग्राम के ऊपर बने हुए हैं। खबर लिखने तक देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 73,400 रुपये प्रति दस ग्राम और मुंबई में 24 कैरेट सोने का दाम 73,000 रुपये प्रति दस ग्राम है। जबकि चांदी का भाव 85,400 प्रति किलोग्राम पर चल रहा है। मुंबई में 18 कैरेट सोने का भाव 5,457 रुपये प्रति ग्राम है। 8 ग्राम सोने का भाव 43,656 रुपये, 10 ग्राम सोने का भाव 54,570 रुपये है।

देश में उत्पादित कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स में कटौती, पोलैंड को किया गया अंजीर के जूस का निर्यात

नई दिल्ली

सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स को 4,600 रुपये प्रति टन से घटाकर 2,100 रुपये प्रति टन कर दिया है। यह टैक्स आज यानी शनिवार से लागू होगा। यह टैक्स विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है। डीजल, पेट्रोल और जेट ईंधन या एटीएफ के निर्यात पर एसएईडी को 'शून्य' पर बरकरार रखा गया है। एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है कि नई दरें 17 अगस्त से प्रभावी हैं। भारत ने पहली बार 1 जुलाई, 2022 को विंडफॉल प्रॉफिट टैक्स लगाया, जो उन देशों की सूची में शामिल हो गया है जो ऊर्जा कंपनियों के असाधारण मुनाफे पर कर लगाते हैं। पिछले दो हफ्तों में तेल की औसत कीमतों के आधार पर हर पखवाड़े कर दरों की समीक्षा की जाती है। भारत ने देश से अनूठे कृषि उत्पादों के शिपमेंट को बढ़ाने की अपनी पहल के तहत पोलैंड को अंजीर के रस की पहली खेप का निर्यात किया। वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार को इसकी जानकारी दी।

नकदी के लेनदेन की जानकारी नहीं दे रहे होटल और अस्पताल

अब आयकर विभाग कसेगा शिकंजा

नई दिल्ली

देशभर में तमाम होटल, अस्पताल समेत कई बड़े लग्जरी ब्रांड पर आयकर विभाग शिकंजा कसने की तैयारी में है। यह संस्थान लगातार नकदी के लेनदेन को लेकर जानकारी साझा नहीं कर रहे हैं। अब केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आयकर विभाग को ऐसे संस्थानों में नकदी के लेनदेन की जांच करने का निर्देश दिया है। इसके बाद आयकर विभाग ने सूची तैयार करनी शुरू कर दी है। आयकर विभाग के नियमों के मुताबिक वित्तीय संस्थानों के दो लाख रुपये से अधिक के नकदी लेनदेन का विवरण देना जरूरी होता है। लेकिन देश में तमाम बड़े संस्थान ऐसा नहीं कर रहे हैं। इसे लेकर केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने जांच की। जांच करने पर पाया गया कि प्रावधानों का उल्लंघन किया जा रहा है। उच्च मूल्य वाले उपभोग व्यय को करदाता के बारे में जानकारी के साथ सत्यापित करना जरूरी है।

इस पर बोर्ड ने आयकर विभाग को जांच के निर्देश दिए हैं। बोर्ड ने हाल में केंद्रीय कार्य योजना (सीएपी) 2024-25 जारी की है। सीबीडीटी ने आयकर विभाग से यह भी कहा है कि जांच हस्तक्षेप के बिना होनी चाहिए। सीबीडीटी ने आयकर विभाग से बकाया मांगों की वसूली के लिए ठोस प्रयास करने को भी कहा है।

इसके बाद आयकर विभाग ने होटलों, बैंक्वेट हॉल, लक्जरी ब्रांड के खुदरा विक्रेताओं, आईवीएफ क्लीनिक, अस्पताल, डिजाइनर कपड़ों की दुकानों और एनआरआई कोटा मेडिकल कॉलेज सीटों की पहचान की है। इन व्यावसायिक संस्थानों में आयकर नियमों का पालन नहीं किया गया और बड़े पैमाने पर नकदी का लेनदेन किया गया।

फर्जी संदेश से करदाताओं को आयकर विभाग ने किया सावधान

कर अदा कर चुके करदाता जो इनकम टैक्स रिफंड का इंतजार कर रहे हैं उन्हें आयकर विभाग ने फर्जी संदेशों से सावधान किया है। आयकर विभाग ने मोबाइल फोन पर आने वाले कर रिफंड की स्वीकृति वाले संदेशों से करदाताओं को बचने की सलाह दी है। आयकर विभाग ने इसे एक घोटाला करार दिया है।

विनेश फोगाट ने दिए संन्यास वापस लेने के संकेत, कहा- लोगों के प्यार से मिली है बहुत हिम्मत

चरखी दादरी

भारतीय पहलवान विनेश फोगाट भारत वापस लौट आई हैं। इस दौरान विनेश के स्वागत में दिल्ली एयरपोर्ट से उनके पैतृक गांव बलाली तक 135 किलोमीटर लंबा रोड शो निकाला गया। पेरिस ओलंपिक में मेडल न मिलने की निराशा के बाद विनेश ने संन्यास का ऐलान किया था। अब उन्होंने संन्यास वापस लेने के भी संकेत दिए है।

भारत लौटने पर बलाली गांव में माता-पिता, खाप पंचायतों और ग्रामीणों ने विनेश फोगाट का भव्य स्वागत किया था। विनेश ने

सबसे पहले हनुमान मंदिर में माथा टेका। इसके बाद गांव के खेल स्टेडियम में विनेश फोगाट को एक ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट की तरह सम्मानित किया। मंच पर विनेश की तबीयत भी बिगड़ गई थी। इसके बाद विनेश ने कुर्सी पर बैठकर ही लोगों को संबोधित किया।

विनेश ने कहा, ओलंपिक मेडल का घाव गहरा है, लेकिन रेसलिंग छोड़ने पर कुछ नहीं कह सकती। मेरी लड़ाई जारी रहेगी। घाव को भरने में बहुत समय लगता है। लेकिन आज जो गांव और देश का प्यार देखा है, इससे मेरे घाव भरने में हिम्मत मिलेगी। जिस रेसलिंग को मैं छोड़ना चाहती थी, या छोड़ दिया है, मैं इस पर कुछ नहीं कह सकती। आज के प्यार से मुझे बहुत हिम्मत मिली है।

विनेश ने कहा कि जिंदगी की लड़ाई बहुत लंबी है। हमारी लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। एक छोटा सा हिस्सा मैं पार कर आई हूं। यह भी अधूरा रह गया। हम एक साल से लंबी लड़ाई लड़ रहे हैं, वह आगे भी जारी रहेगी। मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूं कि मैंने ऐसे देश, प्रदेश और बलाली गांव में जन्म लिया है। आज मैं गांव का कर्ज अदा करने में अपनी भूमिका निभा पाई हूं।

विश्व चैंपियनशिप में दो बार की पदक विजेता विनेश ने उम्मीद जताई कि गांव का कोई खिलाड़ी उनकी विरासत को आगे बढ़ाएगा और उनसे अधिक सफलता हासिल करेगा।

उन्होंने कहा, मैं चाहती हूं कि गांव के हर एक घर से मेरी एक बहन निकले जो मेरे रेसलिंग के रिकॉर्ड तोड़े। मेरी बहनों की जो भी सहायता होगी मैं वो करूंगी।

11 साल की उम्र में छोड़ा घर, जेल की फर्श पर सोना पड़ा तब मेहंदी बने दलेर

ना-ना-ना-ना रे गाने से घर-घर मशहूर पॉप गायक दलेर मेहंदी आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं। दलेर मेहंदी की जिंदगी में बुरा दौर भी आया था, जब उन्हें जेल की फर्श पर सोना पड़ा था। एक अधिकारी ने उनके साथ बदसलूकी भी की थी।

दलेर मेहंदी ने 11 साल की उम्र में अपना घर छोड़ दिया था। उन्होंने महज 5 साल की उम्र से ही गाना सीखना शुरू कर दिया था। उन्होंने गोरखपुर के उस्ताद राहत अली खान से संगीत सीखा था। दलरे ने 13 साल की उम्र में स्टेज पर परफॉर्म करके सबका दिल जीत लिया था।

दलेर मेहंदी का जन्म 18 अगस्त 1967 को बिहार के पटना में हुआ था, उन्हें बचपन से ही गाने का शौक था। सिंगर के साथ ही दलेर मेहंदी लेखक और रिकॉर्ड प्रोड्यूसर भी हैं। उनका गाना ता रा रा रा लोगों को काफी पसंद आया था, इस गाने के बाद वो काफी लोकप्रिय हो गए थे। दलेर मेहंदी ने गानों और म्यूजिक से पंजाबी इंडस्ट्री में धमाल मचा दिया। उन्होंने पंजाबी इंडस्ट्री के अलावा बॉलीवुड के लिए भी कई गाने गाए हैं।

दलेर मेहंदी के हिंदी फिल्मों में करियर की शुरुआत सुपरस्टार अमिताभ बच्चन की फिल्म मृत्युदाता से हुई थी। यह फिल्म साल 1997 में आई थी। इस फिल्म में उन्होंने 'ना ना ना रे' गाना गाया था, जो काफी मशहूर हुआ। इस गाने को खुद दलेर मेहंदी ने कंपोज भी किया था। इस गाने से दलेर मेहंदी घर-घर मशहूर हो गए थे। इसके बाद 1997 में आया गाना 'रब रब' गाने ने धमाल मचा दिया था।

आगामी सप्ताह अमेजन प्राइम पर स्ट्रीम होगी धनुष की रायन

तमिल फिल्मों के सुपरस्टार धनुष की हालिया रिलीज फिल्म रायन सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने के लिए तैयार है। ये एक एक्शन-ड्रामा फिल्म है, जिसमें धनुष के लुक और अंदाज की खूब चर्चा रही। 26 जुलाई को रिलीज हुई रायन के डायरेक्टर भी खुद धनुष ही हैं और बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने 150 करोड़ के करीब कलेक्शन किया था।

रायन में धनुष मुख्य भूमिका में हैं। प्राइम वीडियो ने अनाउंस किया है कि तमिल एक्शन ड्रामा रायन का ग्लोबल स्ट्रीमिंग प्रीमियर 23 अगस्त को किया जाएगा। सन पिक्चर्स के बैनर तले कलानिधि मारन के अंदर बनी इस फिल्म को धनुष ने डायरेक्ट करने के साथ लीड रोल निभाया है। रायन में एसजे सूर्या, सेल्वा राघवन, सरवनन, संदीप किशन, कालिदास जयराम, दुशारा विजयन, प्रकाश राज और अपर्णा बालमुरली जैसे टैलेंटेड एक्टर्स अहम रोल्स में हैं।

बेंगलुरु के 16 वर्षीय अभय मोहन ने जीती फॉर्मूला 1600 नेशनल चैंपियनशिप

चेन्नई

बेंगलुरु के 16 साल के प्रतिभाशाली ड्राइवर अभय मोहन ने संपन्न हुए एमएमएससी इंडियन नेशनल कार रेसिंग चैंपियनशिप के चौथे और अंतिम राउंड में लगातार दस जीत दर्ज कर प्रतिष्ठित फॉर्मूला 1600 नेशनल चैंपियनशिप जीत ली। यह उनका पहला राष्ट्रीय खिताब भी है।

2022 के जूनियर नेशनल कार्टिंग चैंपियन अभय इस साल ही सिंगल सीटर रेसिंग में आए थे। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरी तरह से अपना दबदबा बना लिया। अंतिम राउंड की आखिरी रेस से पहले तक उनका हर रेस में जीत का सिलसिला कायम रहा।

अपनी इस उपलब्धि के बाद अभय मोहन ने कहा, सिंगल सीटर फॉर्मूला कारों में यह मेरा पहला साल है, लेकिन यह एक यादगार सीजन रहा है। नेशनल चैंपियन बनना और लगातार 10 जीत हासिल करना वाकई बहुत अच्छा लग रहा है। इतनी मेहनत के बाद, मुझे अपने माता-पिता, परिवार, दोस्तों और जेए मोटरस्पोर्ट्स का मिला समर्थन अद्भुत रहा। मैं उन सभी और अपने मैकेनिक्स को उनके शानदार काम के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

उन्होंने लगातार 10 रेस जीती और केवल चैंपियनशिप जीतने के बाद ही अंक गंवाए। कुल 12 रेस वाली चैंपियनशिप में उन्होंने अपनी ड्राइविंग स्किल से अन्य प्रतिस्पर्धियों को पीछे छोड़ दिया। मुंबई के दो ड्राइवर जहान कमिसारियाट और राज बखरू चैंपियनशिप में दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

2008 में जन्मे अभय ने रेसिंग पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एनआईओएस होम स्कूलिंग की ओर रुख किया था। 12 में से 11 रेस जीतकर उन्होंने 300 में से 293 अंक हासिल किए। अंतिम रेस को रेड फ्लैग किया गया और फिर से पिट लेन से शुरू किया गया। इस रेस में अभय ने अपना धैर्य बनाए रखा और अपनी पहली चैंपियनशिप के अंत में जीत हासिल की।

अभय ने कहा, मुझे खुशी है कि मुझे यहां रेस करने का मौका और सुविधाएं मिली। मैं एमआरएफ और एमएमएससी को धन्यवाद देता हूं। इससे हमें अपने रेसिंग करियर को बढ़ाने में मदद मिलती है और बेहतर अवसर खुलते हैं।

आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज लंबे समय से चल रही किसी समस्या से आज आपको निजात मिलेगी और आपकी चतुराई और योग्यता की सराहना होगी।

वृष- आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज दिन भर भागा-दौड़ी की स्थिति रहेगी लेकिन कार्य भी सुचारू रूप से बनते जाएंगे। सूझबूझ और व्यवहार कुशलता से अपने काम के प्रति व्यस्त रहेंगे।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है किसी भी नए निवेश के बारे में प्लान करें आपको अच्छा लाभ हो सकता है। घर में किसी नन्हे मेहमान के आगमन संबंधी शुभ समाचार मिलने से उत्सव का माहौल रहेगा।

कर्क- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी समारोह में शामिल होंगे आपकी उपस्थिति को महत्त्व मिलेगा। कोरियर का बिजनेस कर रहे कारोबारियों को आज फायदा मिलेगा।

सिंह- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। कार्यस्थल पर गंभीरता और ईमानदारी से अपने प्रोजेक्ट को अंजाम दें, इस समय आपकी तरक्की के भी योग बन रहे हैं। आज समय आपके पक्ष में है।

कन्या- आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप अपने बड़े भाई से प्रोपर्टी से रिलेटेड कोई बात करेंगे और फाइनेंस सम्बंधित कुछ योजनाये बनेगी। आज आपका काम करने का जनून आपको मेहनत करने की क्षमता प्रदान करेगा।

तुला- आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आप करीबी व्यक्ति के बारे में गहराई से विचार करके रिश्ता सुधारेंगे। आज जिम्मेदारियां रहेंगी, लेकिन उनसे भागने की बजाय बेहतर तरीके से पूरा करने की कोशिश करेंगे।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज किसी भी नकारात्मक स्थिति में घबराने की बजाय उसका समाधान ढूंढे तो जल्दी ही हल भी मिलेगा। वाहन अथवा किसी महंगे उपकरण के खराब होने से बड़ा खर्चा सामने आएगा।

धनु- आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं। आज कारोबार में नई तकनीक का इस्तेमाल करने संबंधी कार्य प्रणाली पर विचार-विमर्श होगा।

मकर- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज किसी भी काम करने से पहले उससे संबंधित उचित जानकारी हासिल करेंगे, फिर उसे पर काम करेंगे। इससे आपको बेहतर परिणाम हासिल होंगे। आय के नए स्त्रोत बनेंगे।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज प्रोजेक्ट कार्य में आपको अपने जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। सकारात्मक सोंच से जीवनयापन में आपकी मदद करेगी। आज किसी बड़े फैसले को लेने में आपका विशेष योगदान रहेगा।

मीन- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज पारिवारिक सदस्यों के साथ किसी महत्वपूर्ण विषय पर सहमति बन जाने से राहत की सांस लेंगे। छोटों की गलतियों को माफ करते चलेंगे और वरिष्ठ लोगों के मार्गदर्शन पर अमल करेंगे।

ऋषभ शेट्टी को मिला पुरस्कार, घर में हुआ जश्न

कांतारा के लिए बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड जीतने के बाद ऋषभ शेट्टी का उनकी पत्नी संग एक बहुत ही खूबसूरत वीडियो सामने आया है, जिसमें वह उनका वेलकम करते दिख रही हैं। कांतारा फेम ऋषभ शेट्टी अपनी फिल्मों के लिए दुनिया भर में चर्चा में बने रहते हैं।

ऋषभ शेट्टी को कांतारा के लिए बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड मिला है, जिसके बाद से ही वह चर्चा में बने हुए हैं। 16 अगस्त को 70वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स के विनर्स का ऐलान हुआ था। कांतारा के लिए ऋषभ की जीत पर यश और जूनियर एनटीआर ने उन्हें बधाई दी हैं। कांतारा की इस शानदार सफलता से मेकर्स और स्टार कास्ट के बीच भी खुशी का माहौल देखने को मिल रहा है। इसी बीच अब सोशल मीडिया पर ऋषभ शेट्टी की पत्नी का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें उन्हें एक्टर की जीत का जश्न बहुत ही खास अंदाज में मनाते हुए देख सकते हैं।

ऋषभ शेट्टी को उनकी पहली पैन इंडिया फिल्म कांतारा के लिए उन्होंने नेशनल अवॉर्ड जीत लिया। ऋषभ शेट्टी की इस खुशी को पत्नी और बच्चों ने बेहद सिंपल और खास तरीके से सेलिब्रेट किया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में देखने को मिलता है कि ऋषभ शेट्टी जैसे ही घर पहुंचते हैं तो उनकी पत्नी उनका स्वागत करती है। आरती की थाल लिए बेटी के साथ दरवाजे पर एक्टर की आरती उतारती हैं और फिर उन्हें प्यार से गले लगा लेती हैं।

ऋषभ की पत्नी प्रगति ने यह वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करते हुए लिखा है, मुझे पर गर्व है। चांद पर पहुंच गई हूं। मैं गर्व से फूले नहीं समा रही हूं!सिनेमा के प्रति उनके समर्पण और जुनून को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। आप की कड़ी मेहनत आज सफल हो गई है। इस के अलावा साउथ स्टार यश और जूनियर एनटीआर ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर उन्हें बधाई दी है। ऋषभ शेट्टी की निर्देशित और अभिनीत कांतारा आज भी लोगों के दिलों में खास जगह बनाए हुए है। ऋषभ शेट्टी इन दिनों अपनी हिट फिल्म कांतारा 2 की कहानी पर काम कर रहे हैं।

शब्द सामर्थ्य- 152

बाएं से दाएं

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

ऊपर से नीचे

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 151 का हल

सू-दोकू- 152

	7			4		3		
2			3			9		4
	6			2				
3		1			7		4	
	2			1			6	
8			9		4			1
		2		3		7		
1			7		2	4		3
	5	3		8			7	2

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.151का हल

9	2	8	3	1	5	7	4	6
4	1	6	8	9	7	2	5	3
7	3	5	4	6	2	8	1	9
2	7	3	9	8	1	4	6	5
5	4	1	6	7	3	9	2	8
6	8	9	2	5	4	1	3	7
3	6	2	7	4	9	5	8	1
8	5	7	1	2	6	3	9	4
1	9	4	5	3	8	6	7	2